# चिटफंड में रायगढ़ पुलिस को मिली बड़ी सफलता : चिटफंड कंपनी कोलकाता वेयर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सीएमडी और डायरेक्टर गिरफ्तार

- कंपनी में रायगढ़, कोरबा और जांगजीर जिले में 314 निवेशकों के 7.54 करोड़ रुपए निवेश की मिली जानकारी
- आरोपियों पर छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में 35 से अधिक दर्ज हैं केस
- दोनों आरोपियों से तीन लाख रुपए नगद, 40 लाख रुपए के सोने के जेवर, कार, राडो घड़ी, बैंक पासबुक, व एटीएम कार्ड जब्त





**रायगढ़।** रायगढ़ एसएसपी सदानंद कुमार के कुशल नेतृत्व एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर रायगढ़ पुलिस को चिटफंड मामले में अब तक की बड़ी सफलता हाथ लगी है। सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा चिटफंड कंपनी कोलकाता वेयर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सीएमडी शाहजहां खान और उसके भाई कंपनी के डायरेक्टर शमशुल आलम खान को गिरफ्तार कर आरोपियों से करीब रु.60 लाख से अधिक की संपत्ति बरामद कर जप्त किया गया है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा चिटफंड कंपनियों में अपनी गाढ़ी कमाई डूबो चुके निवेशकों के रकम लौटने की दिशा में सभी कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों को चिटफंड कंपनियों के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी तथा कंपनी के चल अचल संपत्ति को चिन्हांकित किए जाने के निर्देशों दिये गये। निर्देशों का सख्ती से पालन कराने के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सदानंद कुमार द्वारा जिले में लंबित चिटफंड मामले में फरार आरोपियों की पतासाजी गिरफ्तारी एवं मामलों में कंपनियों की संपत्ति चिन्हांकित करने की रणनीति तैयार कर अपने पर्यवेक्षण में कार्यवाही कराने एडिशनल एसपी संजय महादेवा को निर्देशित कर प्रकरण के फरार आरोपियों की पतासाजी गिरफ्तारी हेतु सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय को निर्देशित किया गया जिसमें सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को चिटफंड कंपनी कोलकाता वेयर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सीएमडी शाहजहां खान और कंपनी डायरेक्टर शमसूल आलम खान को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।

**क्या था मामला :-**

01 दिसंबर 2018 को थाना कोतवाली में आवेदक तेजराम बेहरा पिता अर्जून बेहरा निवासी ग्राम कुर्कुदा थाना चक्रधरनगर तहसील व जिला रायगढ द्वारा कोलकाता वेयर इंडस्ट्रीज लिमिटेड कंपनी द्वारा 5 लाख रूपये 3 साल में दुगना हो जाने का झांसा देकर रकम निवेश कराकर कंपनी अपनी रायगढ़ स्थित शाखा बंद कर सभी व्यक्ति के फरार होने के संबंध में शिकायत किया गया, शिकायत पत्र में पीड़ित, गवाहों का कथन लेखबद्ध कर आवश्यक दस्तावेज जुटाये गये जिसमें पाया गया कि - कोलकाता वेयर इंडस्ट्रीज लिमिटेड ROC कोलकाता से रजिस्टर्ड है। कंपनी मेमोरेंडम ऑफ आर्टिकल मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन के विपरीत एनबीएफसी कंपनी की आड़ में निवेशकों से रुपए पैसा अपनी कंपनी में निवेश कराकर विभिन्न स्कीम के तहत कम समय में ज्यादा लाभ कमाने का प्रलोभन देकर रुपयों का लेनदेन सम व्यवहार करने का आरबीआई से कोई पंजीयन ना होने के बावजूद कंपनी चलाया जा रहा था और निवेशकों से रायगढ़ स्थित अपने कार्यालय कृष्णा कंपलेक्स में करोड़ों रुपए जमा कराए जिसके बाद कंपनी अपना कार्यालय बंद कर निवेशकों का पैसा वापस ना कर 2015 से फरार हो गई।कंपनी के अलावा कंपनी के समस्त डायरेक्टर (1) सीएमडी शाहजहां खान (2) डायरेक्टरगण शमसूल आलम खान (3) रामकृष्ण मंडल (4) प्रवीण हलधर (5) रतन कुमार (6) अजय कुमार श्रीवास्तव (7) सलीम लश्कर (8) लुकमान अंसारी (9) चंदन चौधरी (10) शाहजमाल खान (11) कृष्णकांत गायन निवासी डायमंड हार्बर साउथ 24 परगना कोलकाता के कृत्य के विरुद्ध थाना कोतवाली में अप.क्र. 1542/2018 धारा 420, 120 (बी) भारतीय दंड विधान एवं धारा 4, 5 चिटफंड अधिनियम एवं 6, 10 छत्तीसगढ़ निवेशकों के संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय अपराध पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**पुलिस की रणनीति, आरोपियों की घेराबंदी :-**

सीएसपी अभिनव उपाध्याय द्वारा कोतवाली के इस चिटफंड प्रकरण की डायरी समीक्षा कर इन्वेस्टिगेशन अफसरों को मार्गदर्शन दिया जा रहा है, उन्होंने कंपनी के फरार डायरेक्टर्स के डिटेल निकाले। कोलकाता वेयर हाउस लिमिटेड के डायरेक्टरों की सूची की जानकारी कंपनी रजिस्ट्रार कार्यालय पश्चिम बंगाल से प्राप्त किया गया जो प्रकरण में आरोपीगण छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में कार्यालय खोलकर लोगों को रकम डबल करने का झांसा देकर रुपए जमा कराया करते थे इस कंपनी के डायरेक्टरों ने किसी भी ग्राहक को उनके बताए स्कीम के मुताबिक रकम का दुगना रकम वापस नहीं किया गया है और धोखाधड़ी कर कंपनी को बंद कर फरार हो गए कोतवाली पुलिस विवेचना फरार आरोपी की पतासाजी किया जा रहा था। सदानंद कुमार द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में कोतवाली, जूटमिल और साइबर सेल की टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी के लिए पश्चिम बंगाल रवाना किया गया। सीएसपी अभिनव उपाध्याय अपनी टीम के सहायक उप निरीक्षक इगेश्वर यादव, प्रधान आरक्षक हम प्रकाश सोन, आरक्षक संदीप मिश्रा, उद्धव मांझी, बंशी रात्रे, शशिभूषण साहू, परमानंद पटेल के साथ लगातार 3-4 दिन साउथ सिटी रेजिडेंशियल और 24 दक्षिण परगना, डायमंड हार्बर में अपनी टीम के साथ आरोपियों की पतासाजी किया जा रहा था , जानकारी मिली कि कंपनी का सीएमडी शाहजहां खान धोखाधड़ी से बेनाम संपत्ति और रुतबा बना चुका था। एकाएक शाहजहां खान के गिरेबान पर हाथ डालने से पहले सीएसपी रायगढ़ कानूनन पूरी तैयारी कर 24 दक्षिण परगना कोलकत्ता आईपीएस विदिशा कलिता मैम से साम्जस्य बिठाकर जादवपुर पुलिस से सहयोग लेकर उचित पर सुनियोजित तरीके से आरोपियों के 29 मंजिला फ्लैट पर दबिश देकर साउथ सिटी रेजिडेंशियल कोलकाता में आरोपियों के घर की घेराबंदी कर दोनों आरोपी शाहजहां खान और शमसूल आलम खान को हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया और समय रहते दोनों आरोपियों को कल सीजीएम न्यायालय पेश कर 2 दिनों का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है।

**आरोपियों का अपराधिक रिकॉर्ड और बेनामी संपत्ति की जानकारी-**

अब तक की जानकारी में छत्तीसगढ़ के रायगढ़ एवं दुर्ग जिले तथा सिटी रेजिडेंशियल थाना (पश्चिम बंगाल) में करीब 35 से अधिक अपराध आरोपियों पर दर्ज होने की जानकारी मिली है। इन मामलों में गिरफ्तार होकर जमानत पर थे। सीबीआई और सेबी भी इनके संबंध में जानकारी जुटाया जा रहा है। रायगढ़ में चिटफंड कंपनी कोलकाता वेयर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के विरुद्ध अपराध की जानकारी पर कंपनी के विरूद्ध कलेक्टर रायगढ़ से प्राप्त 122 आवेदन सीमावर्ती जिला जांजगीर से 12 एवं कोरबा से 80 आवेदन अपराध डायरी में संलग्न किया गया है। रायगढ़ जिले में 122 निवेशकों के एक करोड़ 76 लाख 1 हजार 600 सौ रुपए निवेश के साथ तीन जिलों में कुल 314 निवेशकों के 7 करोड़ 54 लाख 5 हजार 200 रुपए का निवेश इस चिटफंड कंपनी में होने की जानकारी मिली है । इन रुपयों का निवेश आरोपी द्वारा परिवार के लोगों के लिए सोना खरीदने, पत्नी के नाम में खाते, विभिन्न आरडी, होटल, मिनरल वाटर, पीवीआर फैक्ट्री, शॉपिंग मॉल, फिश मार्केट, लैंड एग्रीकल्चर में निवेश कर मुनाफा कमाया बताया है।

कोतवाली पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने के जेवर 630 ग्राम, नगदी रकम 3 लाख रुपए, एक होंडा अकॉर्ड कार (कीमत करीब 15 लाख) नग राडो कंपनी का घड़ी (कीमत करीब 1 लाख रुपए), बैंक पास बुक, ATM कार्ड बरामद कर जप्त किया गया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों से उसके अन्य फरार कंपनी के डायरेक्टर्स के संबंध में जानकारी लेकर अन्य मामलें खंगाले जा रहे हैं, अन्य बेनामी संपत्ति की जानकारी एकत्र की जा रही है। सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में मामले में आरोपियों की पतासाजी एवं अनुसंधान में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे, सहायक उप निरीक्षक इंगेश्वर यादव, आरक्षक संदीप मिश्रा, उद्धव मांझी, थाना कोतवाली प्रधान आरक्षक हेम प्रकाश सोन (थाना चक्रधरनगर), उप निरीक्षक कमल पटेल, आरक्षक बंशी लाल रात्रे, शशि भूषण साहू (थाना जूटमिल), प्रशांत पंडा, साविल चंद्रा (साइबर सेल), पमानंद पटेल (रक्षित केन्द्र), की अहम भूमिका रही है।

**गिरफ्तार आरोपी-**

(1) शाहजहां खान पिता स्वर्गीय मकसेद अली खान उम्र 47 वर्ष

(2) शमसूल आलम खान पिता स्वर्गीय मकसेद अली खान उम्र 38 वर्ष दोनों निवासी जगदेवपुर पोस्ट पी.के. नगर हरिनडागा 24 परगना दक्षिण डायमंड हार्बर (पश्चिम बंगाल) वर्तमान पता साउथ सिटी रेजिडेंशियल कंपलेक्स कोलकाता 68

**जप्त मशरूका-**

कोतवाली पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने के जेवर 630 ग्राम, नगदी रकम 3 लाख रुपए, एक होंडा अकॉर्ड कार (कीमत करीब 15 लाख) नग राडो कंपनी का घड़ी (कीमत करीब 1 लाख रुपए) जुमला कीमती – 60 लाख रूपये।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**सक्ती (आरएनएस)।** जिले में शनिवार को हुए सडक़ हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी थी। घटना बाराद्वार थाना क्षेत्र के ठठारी गांव की है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम खरवानी निवासी हरीश कुमार अपने दोस्त प्रकाश कुमार कर्ष निवासी बैलादुला के साथ किसी काम से बाराद्वार गया हुआ था। शनिवार को दोनों खरवानी वापस जा रहे थे। दोनों ग्राम ठठारी के पास पहुंचे थे कि उसी समय ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मृत युवक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया, वहीं गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया।

बताया जा रहा है कि आरोपी ट्रैक्टर चालक बाइक सवार युवकों को टक्कर मारने के बाद वाहन लेकर वहां से फरार हो गया। इधर मौके पर आक्रोशित लोगों ने 2 घंटे तक घटनास्थल पर चक्काजाम कर दिया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद लोग शांत हुए और यातायात बहाल कराया जा सका।

## 15 माह से लापता नाबालिग बालिका को कोतवाली पुलिस ने तमिलनाडु के केलामंगलम से किया बरामद

- पुलिस की कार्यवाही में बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले युवक गया जेल



**रायगढ़।** जिले के संवेदनशील एसएसपी सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर कोतवाली पुलिस द्वारा विगत 15 माह पूर्व कोतवाली क्षेत्र से लापता हुई किशोर बालिका की लगातार खोजबीन कर तमिलनाडु के केलामंगलम क्षेत्र से रायगढ़ लाया गया है, नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले युवक को कोतवाली पुलिस द्वारा पोक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक 3 सितंबर 2022 को थाना कोतवाली में थाना सरिया, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ क्षेत्र में रहने वाली महिला उसकी बेटी के रायगढ़ रेलवे स्टेशन के पास से गुम हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया। महिला बताई कि वह अपने पति और बेटी के साथ 26 अगस्त को रायगढ़ आई थी। उसी दिन दोपहर में उसकी लड़की रायगढ़ रेलवे स्टेशन के पास उन्हें बिना बताए कहीं चली गई जिसका पता तलाश किये पता नहीं चलने पर थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 363 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लापता बालिका का पता तलाश किया जा रहा था। अपराध विवेचना दरमियान बालिका के वारिसान और उसकी सहेलियों से पूछताछ पर बालिका के सरिया के अविनाश सारथी नाम के युवक के साथ मेलजोल की जानकारी मिली। कोतवाली पुलिस द्वारा संदेही अविनाश सारथी को सरिया क्षेत्र में पता तलाश किया गया, वह भी अपने घर से नदारद था जिसका मोबाइल बंद मिला। संदेही के दोस्तों और मोबाइल डिटेल्स से संदेही के कर्नाटक के कोलार गोल्ड फील्ड में होने की जानकारी मिलने पर तत्काल थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे द्वारा सीएसपी अभिनव उपाध्याय से मार्गदर्शन प्राप्त कर दिगर प्रांत जाने की अनुमति लिये और थाने से प्रधान आरक्षक नंदकुमार सारथी, आरक्षक विनोज लकड़ा, महिला आरक्षक प्रतीक्षा मिंज की पुलिस टीम तैयार कर बालिका की पता तलाश के लिए टीम कर्नाटक रवाना किया गया। कोतवाली पुलिस कर्नाटक के गोल्ड फिल्ड एरिया में बालिका और संदेही का पता तलाश किए जो बताये पते में काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिले जिसके बाद कोतवाली पुलिस टीम कैंप कर बालिका और संदेही की खोजबिन में उनसे संपर्क में आये लोगों से पूछताछ प्रारंभ कर खोजबीन किये, काफी खोजबीन के बाद बालिका और संदेही को केलामंगलम तमिलनाडु में खोज निकाला गया। बालिका को चाइल्ड लाइन के समक्ष कथन कराये जाने पर बालिका ने अविनाश सारथी के द्वारा शादी का प्रलोभन देकर बहला-फुसलाकर भगा ले जाना और उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित करना बताई। बालिका के मेडिकल व अन्य विधि की कार्यवाही कर प्रकरण में आरोपी अविनाश सारथी के विरुद्ध धारा 376 आईपीसी और 4, 6 पॉक्सो एक्ट विस्तारित कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर सीजेएम कोर्ट रायगढ़ पेश किया गया जहां आरोपी के कृत्य पर आरोपी का जेल वारंट जारी किये जाने पर आरोपी को दाखिल कराया गया है। सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय के सुपरविजन में संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे, प्रधान आरक्षक नंदकुमार सारथी, आरक्षक विनोद लकड़ा और महिला आरक्षक प्रतीक्षा मिंज की उल्लेखनीय भूमिका रही है।

## आईईडी निष्क्रिय करने के दौरान जिला बल का एक जवान हुआ घायल



**नारायणपुर अप्रैल (आरएनएस)।** जिले के छोटे डोंगर थाना क्षेत्र अंर्तगत आमदयी पहाड़ी में नक्सलियों द्वारा लगाये गये आईईडी बरामद करने के बाद निष्क्रिय करने के दौरान जिला बल में पदस्थ एक जवान बिसरूराम कोलियारा की आंखों में चोटें आई हैं। घायल को अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रायपुर रवाना किया गया है। वैसे जवान की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बस्तर में इन दिनों नक्सलियों द्वारा टीसीओसी सप्ताह मनाया जा रहा है, टीसीओसी के दौरान नक्सली किसी बड़ी नक्सली वारदात को अंजाम देने के फिराक में रहते हैं। जिसे देखते हुए जिले में जवान लगातार सर्च अभियान पर निकल रहे हैं। रविवार को जवानों को सूचना मिली थी कि छोटे डोंगर थाना क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने आईईडी प्लांट कर रखा है। जवान मौके पर पहुंचकर आईईडी बरामद कर मौके पर ही निष्क्रिय करने के दौरान जोर का धमाका हुआ और जिला बल का एक जवान इस विस्फोट की चपेट में आ गया। जवान की आंखों में चोटें आई हैं।

नारायणपुर एएसपी हेमसागर सिदार ने बताया कि छोटे डोंगर कैंप से डीआरजी और बीडीएस की टीम क्षेत्र में डीमाइनिंग के लिए रवाना हुई थी, क्षेत्र में मिले आईईडी को निष्क्रिय करने के दौरान विस्फोट होने से बीडीएस का जवान प्रआर. बिसरूराम कोलियारा घायल हुआ है। जवान की स्थिति सामान्य है, लेकिन बेहतर उपचार के लिए रायपुर रवाना किया गया है।

## दो समुदायों के बीच में हुआ खूनी संघर्ष, एक की मौत

- शांति व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था तगड़ी की



**बेमेतरा (आरएनएस)।** शादी विवाह की बात को लेकर दो समुदायों के बीच खूनी संघर्ष की खबर आ रही है।खबर बेमेतरा जिले के बीरमपुट गांव की है।बताया जा रहा है कि शनिवार को दो समुदायों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि दोनो पक्ष की ओर से असलहा लाठी डंडे निकल गए और इस खूनी संघर्ष के बीच एक युवक की जान चली गई।

इस घटना की खबर मिलते ही पुलिस बल मौके पर तैनात कर दिया गया है और जिले के एसपी और कलेक्टर मौके पर पहुंच गए है ।प्रशासन इलाके में शांति कायम करने में लगा हुआ है और शांति बनाए रखने की अपील कर रहा है। जानकारी के मुताबिक आस पास के जिलों से भी पुलिस बल को बुलाया गया है।

खबर यह भी है कि घटना की सूचना पाकर मामला शांत कराने साजा थाने के एस आई बी आर ठाकुर पर भी भीड़ ने हमला कर दिया और वह इस हमले में बुरी तरह घायल हो गए हैं।

चूंकि मामला दो समुदायों के बीच का है इसलिए कोई भी अधिकारी इस मामले में फिलहाल कुछ बोलने को तैयार नहीं है लेकिन बताया जा रहा है कि दो समुदायों के लडक़ा लडक़ी की शादी को लेकर विवाद काफी लम्बे समय से चल रहा था ।बीच बीच में इसी बात को लेकर दोनो पक्ष में पहले भी विवाद होता रहा है ।शनिवार को भी इसी मामले को लेकर इनके बीच झगड़ा हुआ और बात खून खराबे तक पहुंच गया।

## नक्सलियों ने दो ट्रैक्टरों को आग के हवाले किया

**बीजापुर । आरएनएस**

जिले के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र अंर्तगत इंद्रावती नदी किनारे रेत परिवहन के लिए पेड़ के नीचे छाव में खड़ी दो ट्रैक्टरों को रविवार की दोपहर करीब 01 बजे नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया है। इन दिनों नक्सलियों द्वारा टीसीओसी सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसके चलते नक्सलियों की सक्रियता बढ़ गई है, और अपनी मौजूदगी का अहसास करवाने के लिए सबसे आसान शिकार वाहनों पर आगजनी कर रहे हैं। हालांकि नक्सलियों की इस वारदात में किसी के हताहत या घायल होने की जानकारी सामने नहीं आई है।

## चक्रपथ पर जलजमाव से मिलेगी राहत, ऊंचाई बढ़ाने का काम आज से शुरू : कलेक्टर सिन्हा के निर्देश पर तेजी से शुरू हुआ काम





**रायगढ़।** शहर वासियों के लिए बारिश के दिनों में चक्रपथ सड़क का जल भराव काफी परेशानियों का सबब बना था। जिसे देखते हुए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने पदभार ग्रहण करते ही चक्रपथ सड़क की ऊंचाई बढ़ाने के कार्य को प्राथमिकता में लेते हुए लगातार रेलवे अधिकारियों की बैठक और पत्राचार करते रहें, लिहाजा रेलवे से एनओसी मिली और टेंडर के पश्चात आज से कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। चक्रपथ की उंचाई बढ़ाने से अब बारिश के दिनों में यातायात बाधित नहीं होगी। इससे शहरवासियों को काफी राहत मिलेगी।

कलेक्टर सिन्हा ने जनसामान्य के लिए यातायात सुगम करने एवं आगामी बारिश के मद्देनजर इस कार्य की निर्माण प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए थे, जिसके तहत आज ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

रेलवे द्वारा 1.25 मीटर ऊंचाई बढ़ाने की स्वीकृति मिली है, जिस पर कार्य किया जा रहा है। चक्रपथ की ऊंचाई बढऩे से कलेक्टोरेट न्यायालय के साथ-साथ चक्रधर नगर जैसे अन्य स्थानों के आवागमन बेहतर हो जायेगी, जो प्राय: बारिश के दिनों में अवरूद्ध हो जाती थी। इससे रेलवे फाटक में लगने वाली लंबी जाम एवं शनि मंदिर से मरीन ड्राईव की ट्रैफिक में भी कमी आयेगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480